# रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 20 अगस्त, 2025

वर्ष 01 | अंक 208 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# इस महीने कभी भी जारी हो सकती हैं सूची

## भाजपा ने तैयार की संगठन पदाधिकारियों की लिस्ट

रणजीत टाइम्स



भोपाल । संगठन को और मजबूत करने में लगी भाजपा इस महीने कभी भी संगठनात्मक जिलों के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा कर सकती है। पार्टी की प्रदेश इकाई से जुड़े पदाधिकारी सभी जिलों की लिस्ट तैयार कर चुके हैं। वहीं, नाम तय करने से पहले सभी जिला अध्यक्ष से भी चर्चा कर सहमति ली गई है। जिला कार्यकारिणी में क्षेत्रीय तथा जातीय समीकरण के आधार पर पदाधिकारियों की सूची तैयार की गई है। जानकारी के अनुसार, निगम-मंडलों और आयोगों में अपनी राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार कर रहे भाजपा नेताओं को एक बार फिर थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। संगठन और सरकार ने इन नियुक्तियों से पहले संगठन की टीम तैयार करने का निर्णय लिया है। संगठन ने तय किया है कि पहले जिलों में टीमें बनाई जाएंगी और उसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी का गठन होगा। इसके बाद ही पार्टी नेताओं को निगम-मंडल और आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियों के जरिए समायोजित किया जाएगा। प्रदेश के कई भाजपा नेता पिछले 20 महीनों से राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। सरकार बनने के दो महीने बाद ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले साल फरवरी में अधिकांश निगम-मंडलों और बोर्डों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को हटा दिया था। तब से लेकर अब तक अटकलें लग रही थीं कि लोकसभा चुनावों के बाद कार्यकर्ताओं की राजनीतिक नियुक्तियां की जाएंगी।

जिलों से उम्मीदवारों के नाम लिए

अब प्रदेशाध्यक्ष बने हेमंत खंडेलवाल जल्द ही राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू करेंगे। जिलों से उम्मीदवारों के नाम लिए जा चुके हैं। जिला अध्यक्षों से नाम लेने के बाद पार्टी ने जिलों में पर्यवेक्षक भी भेजे, जिनमें से अधिकतर ने उपयुक्त नाम तलाशे और संगठन के शीर्ष नेतृत्व को सौंप दिए हैं। पार्टी इन नामों पर विचार करके कार्यकारिणी और राजनीतिक नियुक्तियों में चयन करेगी। बताया जा रहा है कि इस पूरी प्रक्रिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका अहम होगी। सूत्रों के अनुसार, राजनीतिक नियुक्तियों और कार्यसमिति में सदस्यों के चयन में आरएसएस की राय महत्वपूर्ण होगी। लिफाफे 21 अगस्त से खोलेगा। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संगठन महामंत्री हितानंद, पर्यवेक्षक और जिलों के अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। जिनसे एक-एक नाम पर चर्चा की जाएगी। 20 अगस्त तक बैतूल में मध्य भारत प्रांत के प्रचारकों का वर्ग चल रहा है। जिसमें भाग लेने हितानंद गए हुए है। जिसके कारण 21 अगस्त से चर्चा का कार्यक्रम अभी तक किया गया है।

रायशुमारी का दौर अब पूरा

जिलों में होने वाली भाजपा की संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर पर्यवेक्षकों की रायशुमारी का दौर अब पूरा हो चुका है। जानकारी के मुताबिक जिलों के सांसद, विधायकों, जिला अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं से नियुक्तियों को लेकर ऊर्जावान और समर्पित कार्यकर्ताओं के नाम लिए गए हैं। जिनके नामों का एक पैनल तैयार किया गया है। जिसे बंद लिफाफे में पर्यवेक्षकों द्वारा प्रदेश संगठन को सौंपा गया है। दरअसल संगठन द्वारा तय नए फॉर्मूले में पर्यवेक्षकों द्वारा जिलों के सांसद, विधायकों सहित अन्य से नाम लिए हैं। ऐसे में इनके द्वारा उन्हीं लोगों के नाम दिए हैं, जो इनके करीबी है। या इनके मुताबिक संगठनात्मक कार्य करेंगे। ऐसे में जमीनी कार्यकर्ताओ को इस बात का डर है कि उनका नाम पैनल में भेजा जाएगा या नहीं। जिलों में हुई रायशुमारी में क्षेत्रीय क्षत्रपों ने अपनी चलाने की कोशिश की है। कई नेताओं ने खुद भी अपने चहेतों का नाम दिया है और जिला अध्यक्षों से भी अपने चहेते का नाम ही पर्यवेक्षकों को दिलवाया गया है। संगठन ऐसे नामों पर कड़ाई से पड़ताल की योजना पहले ही बना चुका है।

न मंडल और न ही जिला कार्यसमिति का गठन मप्र में संगठन चुनाव हुए महीनों हो गए हैं, लेकिन अभी तक न मंडल और न ही जिला कार्यसमिति का गठन हो पाया है। मप्र भाजपा में 1060 मंडल हैं। इनके चुनाव पिछले साल सितंबर में हुए थे, लेकिन कार्यसमिति का गठन अब तक नहीं हो पाया है। मंडल स्तर पर अध्यक्ष के अलावा 60 नेताओं की कार्यसमिति बनाए जाने का प्रावधान भाजपा के संविधान में है। इनमें 20 महिलाएं और चार सदस्य अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग से होना अनिवार्य है। पार्टी नेताओं के मुताबिक मंडल कार्यसमिति में छह उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, एक कोषाध्यक्ष और छह मंत्री बनाए जाने हैं। इनमें पांच महिला और दो सीट अजा-अजजा के लिए आरक्षित है। वहीं भाजपा के 57 जिलों में भी सिर्फ अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। नए अध्यक्ष अब तक नई टीम नहीं बना पाए हैं। जिला स्तर पर अध्यक्ष के अलावा 90 सदस्यों की कार्यसमिति बनाने का प्रावधान भाजपा के संविधान में है। इनमें भी 30 महिलाएं और छह अजा-जजा के लिए कोटा सुरक्षित है। इसी तरह आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, एक कोषाध्यक्ष, आठ मंत्री जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष की मदद करते हैं पर अब तक किसी भी जिले में कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है।

# भोपाल जिले में EMC 2.0 परियोजना की स्थापना की स्वीकृति




इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा भारत सरकार की इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफेक्चरिंग क्लस्टर्स (EMC) 2.0 परियोजना अंतर्गत सामान्य सुविधाओं (CFC) के साथ विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन तथा विनिर्माण (ESDM) क्षेत्र के संवर्धन को बढ़ावा दिये जाने के लिए भोपाल की तहसील बैरसिया के ग्राम बांदीखेड़ी में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना किये जाने का निर्णय लिया गया है।

परियोजना के लिए उपलब्ध 210.21 एकड़ भूमि पर परियोजना लागत 371 करोड़ 95 लाख रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गयी है। इसमें से राशि 146 करोड़ 63 लाख रूपये केन्द्रांश एवं 225 करोड़ 32 लाख रूपये राज्यांश होगा। भारत सरकार की प्राथमिकता के अनुसार डिजिटल इंडिया एवं मेक इन इंडिया की अवधारणा को साकार करने में EMC 2.0 इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स (EMCs) योजना की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। EMC 2.0 योजना, सामान्य सुविधा केंद्रों (सीएफसी) की स्थापना में भी सहयोगी होगी। उन्हें ऐसे क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में मौजूदा विनिर्माण इकाइयां स्थित हैं, जिनके अंतर्गत सामान्य तकनीकी बुनियादी ढांचे के उन्नयन और ईएमसी, औद्योगिक क्षेत्रों/पार्कों/औद्योगिक गलियारों में इकाइयों के लिए सामान्य सुविधाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। EMC 2.0 परियोजना से इलेक्ट्रॉनिक उद्योग के लिए एक मजबूत बुनियादी ढांचा आधार तैयार होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) क्षेत्र में नए निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। निर्माण इकाइयों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। निर्माण इकाईयों द्वारा भुगतान किए जाने के फलस्वरूप करों के रूप में शासकीय राजस्व में वृद्धि होगी। उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में मदद मिलेगी, साथ ही नवाचार को गति और देश के आर्थिक विकास को उत्प्रेरकता प्राप्त होगी।

5 नवीन शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 1570 पदों की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदापुरम, मुरैना, बालाघाट, शहडोल और सागर में नवीन शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय और वैलनेस सेंटर खोलने के लिए 1570 पदों की स्वीकृति दी गई है। इनमें 715 नियमित पद एवं 855 पद आउटसोर्स के माध्यम से भरे जायेंगे। प्रदेश में संभाग स्तर पर एक आयुर्वेदिक मैडिकल कालेज की स्थापना होगी, जिससे आयुर्वेद उपचार एवं वैलनेस इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रीय आयुष मिशन के फण्ड से नर्मदापुरम, मुरैना, बालाघाट, शहडोल और सागर में नवीन शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय शासकीय पद्धति से खोले जाने हैं। इनमें महाविद्यालय भवन, 100 बैड चिकित्सालय परिसर, 100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन, आवासीय भवन और फार्मेसी भवनों का निर्माण भारतीय चिकित्सा पद्धति के निर्धारित मापदण्ड अनुसार किया जाएगा। संबंधित जिले में शासकीय भूमि आबंटित की जा चुकी है। राष्ट्रीय मिशन अंतर्गत प्रत्येक आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 70 करोड़ रूपये के मान से 350 करोड़ रूपये का 60:40 के अनुपात में प्रावधान किया गया है। गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में इंडोक्राइनोलॉजी विभाग की स्थापना एवं 20 नवीन पदों के सृजन का निर्णय मंत्रि-परिषद द्वारा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल के अंतर्गत इंडोक्राइनोलॉजी विभाग की स्थापना एवं 20 नवीन पदों के सृजन का निर्णय लिया गया है। विभाग के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न संवर्गों के कुल 20 नवीन पदों का सृजन किया जाएगा।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, बुधवार 20 अगस्त 2025



# उज्जैन सिंहस्थ के लिये किसानों की भूमि अधिग्रहण का मामला

## किसान संघ ने मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी दिए सुझाव

**संजय प्रेम जोशी**

भोपाल। - भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र द्वारा उज्जैन सिंहस्थ को लेकर किसानों की लगभग सात हजार एकड़ भूमि अधिग्रहण करने के लिये अपनाई जा रही प्रक्रिया व तौर तरीकों पर नाखुशी जाहिर की है। मुख्यमंत्री के नाम लिखे पत्र में श्री मिश्र ने सात विंदुओं के सुझावों पर तत्काल विचार करते हुये उज्जैन सिंहस्थ प्रभावित किसानों व किसान संघ से चर्चा करने की बात कही है। किसान संघ के सिंहस्थ प्रभावित किसानों के पक्ष में आने के कारण प्रशासनिक महकमे में सरगर्मी बढ़ गई है।

### क्या है पत्र में

किसान संघ के पत्र में सिंहस्थ आयोजन की तैयारी में किसानों की जमीन अधिग्रहण, उस पर स्थाई निर्माण, विकसित जमीन देने की शर्तें, भक्तों के आने के सटीक आंकलन, व्यवस्थाओं आदि को लेकर कई प्रश्न चिन्ह खड़े किये हैं। साथ ही किसानों की खेती योग्य जमीन पर कांक्रीट के स्थायी निर्माणों को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुये सरकार को किसानों की तरफ से सुझाव भी दिये हैं।

### ये हैं सुझाव

किसान संघ ने सुझावों में स्पष्ट कहा है कि देश की सभी सांस्कृतिक यात्रायें खेती किसानी से जुड़ी हैं इसलिये सरकार किसान संघ व किसानों से अवश्य चर्चा करे। उज्जैन सिंहस्थ में स्थायी निर्माण के बजाय नदी के किनारे किनारे मेला बनाने की बात पत्र में कही गई है, जिसके लिये किसान सहमत हैं। पूर्व की भांति 2 से 3 माह के लिये जमीन अधिग्रहण करने, उत्तरप्रदेश महाकुंभ की भांति अस्थायी निर्माण, जल निकासी की व्यवस्था भूमिगत करने, 6 माह के लिये अधिग्रहित जमीन का पर्याप्त मुआवजा, रास्ते, बिजली, पानी, सीवेज के लिये किसी भी प्रकार से स्थायी निर्माण न करने की सलाह पत्र में शामिल हैं।

### भूमि अधिग्रहण के नाम पर सिर्फ आश्वासन की खेती

अभी हाल में ही भारतीय किसान संघ ने संघ मुख्यालय नागपुर में आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में देश में भूमि अधिग्रहण कानून किसान हितैषी बने इसको लेकर प्रस्ताव भी पारित किया जा चुका है। जिसमें देश भर के 43 प्रांतों के किसानों से 15 विंदुओं पर एक प्रोफार्मा के माध्यम से राय भी ली गई है। जिसमें देश भर के सभी किसानों ने एकमतेन होकर विकास के नाम पर होने वाले भूमि अधिग्रहण को मात्र आश्वासन की खेती कहते हुये विरोध दर्ज कराया है। पारित प्रस्ताव के सुझावों को केंद्र व राज्य सरकारों को भी भेजा गया है।

## विवादित लैंड पुलिंग एक्ट वापिस लेने की उठी मांग


कृषिमित् कृषस्व-खेती ही करो
भारतीय किसान संघ
केंद्रीय प्रशासनिक कार्यालय - 43, ए. दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002
www.kisansangh.org, E-mail- bkscentraloffice@gmail.com दूरभाष : 011-23210048

पत्रांक:भा.कि.संघ/२०२५/५२ नई दिल्ली, ०७.०८.२०२५

प्रति,
डॉ० मोहन यादव जी,
माननीय मुख्यमंत्री,
मध्य प्रदेश (भोपाल)

विषयः- *आगामी उज्जैन सिंहस्थ पर भारतीय किसान संघ के सुझाव..*

मान्यवर,
सादर नमस्कार!

कुछ दिनों से मध्य प्रदेश के आगामी **उज्जैन सिंहस्थ** को लेकर उज्जैन नगर प्राधिकरण के नाम से कई प्रकार की बातें कुछ इस प्रकार चल रही है - सरकार सभी जमीन को अधिग्रहित कर लेगी, अधिग्रहित कर कुछ जमीन किसानों को विकसित करते हुए कुछ शर्तों के साथ किसानों को देगी और अधिग्रहित जमीन के ऊपर स्थाई निर्माण करायेगी आदि।

इस विषय को लेकर किसानों के बीच में, राजनैतिक गलियारों में, पत्रकारों के मध्य में पक्ष - विपक्ष की बातें चल रही है।

देश के अंदर वर्तमान में जो माहौल चल रहा है, उसमें आगामी सिंहस्थ (कुंभ) में कितने भक्तगण आयेगें, इसके बारे में किसी का भी सटीक आकलन नहीं है। यदि स्थाई निर्माण होता है एवं अपेक्षा से अधिक भक्तगण आयेगें तो संभाल कठिन होगा, अफरातफरी होगी। इस अफरातफरी को नियंत्रण भक्तों को छोडकर किसी प्रशासन द्वारा किया जाना कठिन होगा। इसके अतिरिक्त यदि भक्तों की संख्या कम रहती है किसानों से जो जमीन अधिग्रहित की गई होगी उसमें किसानों एवं देश सभी को नुकसान होगा। इसलिए जब सिंहस्थ के बारे में बात होती है तो कोई सलाहकार, कोई सरकार, कोई प्रशासन कैसे स्थाई निर्माण के बारे में सोच सकता है। यह बहुत बडा प्रश्न है।


इस विषय को लेकर किसानों में असमंजस की स्थिति बन गई है, एवं आगे ये किस दिशा में जावेगी इसके बारे में कौन बोल सकता है।

इस विषय को ध्यान में रखते हुए देश के सबसे बडे किसान संगठन भारतीय किसान संघ की ओर से कुछ सीमित सुझाव प्रस्तुत है -

- क्योकि देश के सभी सांस्कृतिक यात्राऐं खेती किसानी से जुडी हुई है, इसलिए सरकार कोई भी निर्णय लेने से पहले इस विषय पर भारतीय किसान संघ एवं किसानों के साथ आवश्यक व्यापक चर्चा करें। ...२

-1-

विगत दिनों पंजाब में सत्तासीन आम आदमी पार्टी की सरकार ने किसानों की जमीन अधिग्रहण करने के लिये लैंड पुलिंग एक्ट लेकर आई थी। जिसका पंजाब के सभी किसानों व किसान संगठनों ने जबरदस्त विरोध किया और सरकार की नीति को सिरे से नकार दिया। सोमवार को आवास व शहरी विभाग के मुख्य सचिव ने प्रेस नोट जारी करते हुये कहा कि राज्य सरकार ने लैंड पुलिंग एक्ट पालिसी व इसके तहत किये सभी संशोधनों, फैसलों को वापिस ले लिया है। हाईकोर्ट ने भी नीति के कानूनी औचित्य, पर्यावरण, सामाजिक आंकलन व पुनर्वास पर गंभीर प्रश्न खड़े किये थे। जिसके बाद मध्यप्रदेश में भी लैंड पुलिंग एक्ट को वापिस लेने की मांग तेज हो गई है।


- उज्जैन सिंहस्थ में व्यवस्था अच्छी हो, इसलिए किसी स्थाई निर्माण के बजाय, पूरी नदी के किनारे-किनारे मेले का स्थान बनाया जाये, जिस प्रकार से प्राचीन काल से चलता आ रहा है। जिसके लिए किसान स्वः खुशी से अपनी भूमि देते आ रहे हैं।
- स्थाई निर्माण के बजाय जो जमीन प्रत्येक सिंहस्थ में सरकार २-३ माह के लिए अधिग्रहित करती आ रहा है, वहीं प्रक्रिया जारी रखे।
- क्योकि वहां की मिट्टी किचडनूमा है, इसलिए कुछ जमीन अधिग्रहण करके उसमें - रास्ता, बिजली-पानी पाईपलाईन एवं सीवेज लाईन आदि का निर्माण, जिस प्रकार प्रयागराज (उ०प्र०) के महाकुंभ में अस्थाई निर्माण किया गया था, उसी प्रकार से करें।
- रास्ते के कारण जल भराव बढेगा तो किसानों की खेती के लिए समस्या आयेगी। इसलिए निकासी की व्यवस्था भूमिगत तरीके से हो, इससे किसान उसके ऊपर खेती भी कर सकता है।
- क्योकि उस जमीन को २-३ माह अथवा ६ माह के लिए उपयोग नहीं कर पायेगा, इसलिए उन्हें पर्याप्त मुआवजा दिया जाये।
- रास्तें, बिजली-पानी एवं सीवेज आदि किसी भी प्रकार का स्थाई निर्माण न हो।

इस सुझाव के साथ सरकार किसी भी प्रकार का निर्णय लेने से पहले उस क्षेत्र के भू-धारक किसानों के साथ उचित तालमेल बैठानें के लिए चर्चा करें, इसके लिए भारतीय किसान संघ सहयोग करने को तैयार है।

धन्यवाद सहित,

भवदीय,

मोहिनी मोहन मिश्र
महामंत्री,
भारतीय किसान संघ

प्रतिलिपिः-
- **श्री कैलाश जी विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री, मध्य प्रदेश।**

### सिंहस्थ मामले में किसान संघ व सरकार आमने सामने

आगामी उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर जारी किसानों के भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया किसान हितैषी न होने पर भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल सकता है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान संघ ने मुख्यमंत्री से सीधे सीएम हाउस में मिलकर सिंहस्थ में प्रभावित किसानों के मामले में अपनी आपत्ति दर्ज करा दी थी। जिस पर सरकार के रवैये से किसान संघ खुश नहीं है। प्रदेश के तीनों प्रांतों में संगठन की बैठकों का क्रम जारी है। कभी भी सिंहस्थ भूमि अधिग्रहण मामले में किसान संघ व सरकार आमने सामने आ सकते हैं।

# केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा को सर्व समाज द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की



राजनीतिक मंच हो या सामाजिक मंच हो समाज हित के लिए हमेशा आवाज उठाते थे।

हाटपिपल्या निप्र= मार्केटिंग सोसाइटी में सर्व सेन समाज के बैनर तले केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा स्वर्गीय नंदकिशोर वर्मा को श्रद्धांजलि सर्व समाज द्वारा अर्पित की गई। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा स्वर्गीय वर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सेन समाज के लिए किसी भी मंच पर अपनी बात रखने के लिए आगे रहते थे राजनीतिक मंच हो या सामाजिक मंच हर मंच पर सेन समाज के उत्थान की बात करते थे। समाज को अपने पैतृक धंधे से जुड़े रहने की प्रेरणा देते थे और पेतृक धंधे को व्यवसाय रूप में काम करने की प्रेरणा देते थे मध्य प्रदेश कि शिवराज सरकार से लड़ाई लड़ कर सेन समाज के हित के लिए केश शिल्पी बोर्ड का गठन किया शिवराज सरकार ने केश शिल्पी बोर्ड का प्रथम अध्याय नंदकिशोर वर्मा को बनाया। दूसरी बार मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव के नेतृत्व में बनी सरकार मे भी दूसरी बार भी केश शिल्पी बोर्ड का अध्यक्ष बनाया समाज को शासन की योजना ओ कल आप दिलाने के लिए हमेशा प्रयास करते रहे। मध्यप्रदेश ही नहीं पूरे भारत में समस्त प्रदेश की प्रदेश सरकारों मे केश शिल्पी बोर्ड का गठन करवाने का प्रयास किया। पीथमपुर में भाजपा के शहर अध्यक्ष रहे। इस अवसर पर पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष निलकण्ठ जोशी, मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष महेन्द्रपाल सिंह सेंधव,संजय प्रेम जोशी (जन परिषद अध्यक्ष हाटपीपल्या चैप्टर ),बापूलाल धोसादिया, प्रवीण सक्सेना, राजेंद्र बज, भाजपा महामंत्री रमेश संदुकलिया, जुगल रलोती,रामेश्वर परमार, रमेशचंद्र वर्मा,मुकेश वर्मा,देवानंद वर्मा, रावगढ सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष बाबुलाल वर्मा, सुनील वर्मा,कैलाश वर्मा, छगनलाल वर्मा,राजेश परमार, सागर वर्मा, रवि वर्मा, अंकित वर्मा, रोहित वर्मा आदि मौजूद थे संचालन संतोष वर्मा ने किया आभार रमेश वर्मा , राजेश परमार ने माना।

# 18 वार कर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने चप्पल से किया खुलासा

इंदौर। **चंदन नगर थाना क्षेत्र में मजदूर की हत्या के मामले में पुलिस ने चप्पल के आधार पर हत्या का खुलासा करते हुए 700 से अधिक सीसीटीवी फुटेज लगाने के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके द्वारा राजस्थान घूमने जाने के प्लान को पूरा करने के लिए लूट की घटना को अंजाम देते हुए हत्या की वारदात की गई थी** ।

डीसीपी ऋषिकेश मीणा के मुताबिक चंदननगर थाना क्षेत्र स्थित नवादा पथ में एक अर्जुन यादव निवासी शिवकुटी नगर की हत्या 10 अगस्त को रात में की गई थी हत्या के बाद सूचना जब पुलिस को लगी तो एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची थी इसके बाद मौके से तमाम सबूत और एक चप्पल बरामद की गई थी जो की हत्या से जुड़ी कड़ी साबित हुई है इस मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल के निर्देशन में एसीपी शिवेंदु जोशी और थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल के निर्देशन में एक टीम गठित की गई जिसमें तीन से चार थानों की खुफिया विभाग के पुलिसकर्मी को लगाया गया था चंदननगर से लेकर सदर बाजार तक के करीबन 700 से 800 सीसीटीवी फुटेज खागा ले गए जिसमें कुछ फुटेज में आरोपी साफ तौर पर नजर आ गए एक स्थान पर आरोपियों ने पानी की बोतल खरीदने के लिए दुकान पर पहुंचे थे जहां पर जो पीछे मोटरसाइकिल पर बैठा हुआ आरोपी पर में चप्पल नहीं पहना हुआ था और इसी अंदेशा के आधार पर सीसीटीवी तलाशते हुए इनका पीछा किया गया तो यह सदर बाजार तक पुलिस इनके पास पहुंच चुकी थी वहां पर मुखबिर की सूचना से पुलिस ने आवेश उर्फ चिल्लर समीर उर्फ गुड्डा सहित सागर को गिरफ्तार किया है ।

# अनुराग जैन को मिलेगा एक्सटेंशन या किसी और को मिलेगा मौका

## अगले मुख्य सचिव के लिए काउंटडाउन शुरू...

भोपाल । मप्र के मुख्य सचिव अनुराग जैन 31 अगस्त को रिटायर हो रहे हैं। ऐसे में वल्लभ भवन में यह सवाल तैरने लगा है कि अगला मुख्य सचिव कौन होगा। अनुराग जैन को एक्सटेंशन मिलेगा या फिर नए चेहरे को मौका मिलेगा। इनसे पहले रहे दो मुख्य सचिव को एक्सटेंशन मिल चुका है। वहीं, कुछ सीनियर आईएएस अधिकारियों के नाम भी इस रेस में आगे हैं। मुख्य सचिव को लेकर दो संभावनाएं हैं। पहली, अनुराग जैन को एक्सटेंशन मिल जाए। दूसरी, उन्हें एक्सटेंशन न मिले। वहीं, अगर अनुराग जैन को एक्सटेंशन नहीं मिलता है, तो वरिष्ठता के हिसाब से अपर मुख्य सचिव जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा इस पद के प्रबल दावेदार होंगे। लेकिन अपर मुख्य सचिव वन व पर्यावरण अशोक बर्णवाल और केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में पदस्थ अलका उपाध्याय भी इस रेस में शामिल हैं। अनुराग जैन 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। पिछले साल जब जैन को मुख्य सचिव बनाया गया था, तब राज्य में नई सरकार बने एक साल भी नहीं हुआ था और उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पसंद की बजाय केंद्र से आए निर्देश के आधार पर चुना गया था।



जैन के मुख्य सचिव बनने के बाद प्रदेश में प्रशासनिक कसावट शुरू हो गई है। राज्य सरकार चाहती है कि बड़े प्रशासनिक निर्णयों और योजनाओं की निरंतरता बनी रहे। अनुराग जैन लंबे समय तक केंद्र और राज्य सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। उनकी प्रशासनिक पकड़ और अनुभव को देखते हुए सरकार उन्हें और समय देना चाहती है। उन्हें मुख्य सचिव बने 31 अगस्त को 11 महीने पूरे होगे। राजनीतिक और प्रशासनिक स्थिरता बनाए रखने के लिए भी एक्सटेंशन को आसान विकल्प माना जा रहा है। प्रदेश में वित्तीय प्रबंधन, निवेश बढ़ाने और केंद्र की योजनाओं के क्रियान्वयन जैसी कई चुनौतियां हैं। माना जा रहा है कि इन्हें संभालने के लिए अनुराग जैन का अनुभव सरकार के काम आ सकता है।

### जैन को एक्सटेंशन लगभग तय

मप्र के मुख्य सचिव अनुराग जैन 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगे। मुख्य सचिव की सेवानिवृत्ति की तारीख नजदीक आने के साथ ही प्रशासनिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा तेज हो गई है कि सीएस जैन को एक्सटेंशन मिलेगा या फिर प्रदेश को नया प्रशासनिक मुखिया मिलेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार अनुराग जैन को एक्सटेंशन मिलना लगभग तय है। मप्र सरकार जल्द ही उन्हें एक्सटेंशन देने संबंधी प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज सकती है। यदि अनुराग जैन को एक्सटेंशन मिलता है, तो मप्र के प्रशासनिक इतिहास में नई मिसाल बन जाएगी, जब लगातार तीन मुख्य सचिवों को सेवानिवृत्त होने के बाद एक्सटेंशन दिया गया। अनुराग जैन से पूर्व मुख्य सचिव रहीं वीरा राणा को छह महीने का एक्सटेंशन दिया गया था। ऐसे ही वीरा राणा से पूर्व मुख्य सचिव रहे इकबाल सिंह बैंस को एक साल (6-6 महीने का 2 बार) का एक्सटेंशन मिला था। हालांकि इससे पहले तत्कालीन मुख्य सचिव आर. परशुराम और बसंत प्रताप सिंह को भी सेवानिवृत्त होने के बाद छह-छह महीने का एक्सटेंशन दिया गया था।

### राजेश राजौरा हैं सबसे वरिष्ठ

यदि सरकार नया मुख्य सचिव नियुक्त करने का विकल्प चुनती है, तो अपर मुख्य सचिव जल संसाधन डॉ. राजेश कुमार राजौरा (1990 बैच) और अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल (1991 बैच) सीएस की रेस में सबसे आगे हैं। अनुराग जैन के रिटायर होने के बाद डॉ. राजेश राजौरा सबसे वरिष्ठ आईएएस अफसर होंगे। डॉ. राजौरा मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव रह चुके हैं। वह मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र उज्जैन संभाग के प्रभारी भी हैं। डॉ. राजौरा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अपर मुख्य सचिव रह चुके हैं। वे उज्जैन संभाग के प्रभारी अधिकारी और मुख्यमंत्री के भरोसेमंद माने जाते हैं। अशोक वर्णवाल तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान और कमलनाथ के प्रमुख सचिव रह चुके हैं। उनकी छवि तेजतर्रार अधिकारी की है और वे निर्विवादित हैं। हालांकि अब तक केंद्र सरकार की तरफ से मुख्य सचिव के नाम को लेकर चौंकाने वाले निर्णय लिए गए हैं। नए मुख्य सचिव को लेकर स्थिति स्पष्ट होने के बाद सितंबर में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी हो सकती है। इस प्रशासनिक फेरबदल में अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के आईएएस अफसरों के अलावा कुछ जिलों के कलेक्टर भी बदले जाएंगे। अशोक बर्णवाल भले ही डॉ. राजौरा से एक बैच जूनियर हैं, लेकिन उन्हें मुख्य सचिव बनाए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। बर्णवाल भी निर्विवादित हैं। उनकी छवि तेजतर्रार अधिकारी की है।

### महिला आईएएस अफसर भी रेस में

अलका उपाध्याय भी मुख्य सचिव पद की दौड़ में हैं। वे 1990 बैच में डॉ. राजौरा के बाद वरिष्ठता में दूसरे नंबर पर हैं। पिछले दो महीने में जिस तरह से उन्होंने मध्य प्रदेश के दौरों को लेकर दिलचस्पी दिखाई है, इससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वे सीएस पद के लिए सक्रिय हैं। अगर अनुराग जैन को एक्सटेंशन नहीं मिलता है, तो वे विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष बन सकते हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों से मध्य प्रदेश में मुख्य सचिव को एक्सटेंशन मिलता रहा है। ऐसे में इस बार भी संभावना है कि अनुराग जैन को एक्सटेंशन मिल सकता है।

### जेएन कंसोटिया भी हो जाएंगे सेवानिवृत्त

अनुराग जैन के साथ अगस्त में जेएन कंसोटिया भी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कंसोटिया 12 अगस्त को 60 साल के हो जाएंगे। जैन और कंसोटिया दोनों ही अधिकारियों ने 21 अगस्त 1989 को एक साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा ज्वाइन की थी और अब दोनों ही सेवा नियमों के अनुसार 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। हालांकि मुख्य सचिव के लिए प्रदेश में पदस्थ और केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अन्य आईएएस अधिकारी भी दावेदारों में शामिल है। अब तक केंद्र सरकार की तरफ से सीएस के नाम को लेकर चौंकाने वाले निर्णय लिए गए है। यहीं वजह है कि प्रदेश में अनुराग जैन के सेवा विस्तार को लेकर फिलहाल अभी स्थिति साफ नहीं है।

# अज्ञात व्यक्ति की शव मोके पर पहुंची पुलिस जाँच मे जुटी

**रणजीत टाइम्स**



खाचरोद। ग्राम चंदौड़िया चंबल नदी किनारे अज्ञात शव मिलने से गांव मे फैली सन सनी वर्तमान मे हो रही बारिश के चलते कई नदी नाले उफान पर है जिससे की कई जान माल की हानी भी हूई है इसी के चलते ग्राम चंदौड़िया मे नदी किनारे अज्ञात शव मिला है मिली जानकारी अनुसार खाचरोद तहसील के चंबल नदी के किनारे ग्राम चंदौड़िया मे चरवाह द्वारा एक शव देखा गया जिसकी जानकारी ग्राम सरपंच सहित खाचरोद पुलिस को दी गई जिस पर मोके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव की जांच पड़ताल के लिए पोस्टमार्टम के लिए खाचरोद सिविल हॉस्पिटल भेजा गया, मिले शव की गांव व आस पास मे जानकारी जुटाई गई लेकिन कोई भी जानकारी नहीं है शव नर्वस्त्र अवस्था मे मिला है जोकि एक पुरुष है जिसकी उम्र 35 से 40 साल है और लगभग शव 4 दिन पुराना बताया जा रहा है उक्त मामले पर खाचरोद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया द्वारा बताया गया की शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है तेज बहाव मे कही से बह कर आया है व्यक्ति को मरे हुए चार दिन हो चुके है और भी गुमसुदगी जानकारी आसपास थानो से जुटाई जा रहा है।

# श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा के भक्त द्वारा चांदी का मुकुट व अन्य भेट में प्राप्त

**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । श्री महाकालेश्वर मंदिर में नई दिल्ली से पधारे भक्त श्री अजय जी, जय श्री महाकाल ग्रुप द्वारा पुजारी श्री दिनेश गुरु की प्रेरणा से भगवान श्री महाकालेश्वर जी को से 1 नग रजत का मुकुट, 01 नग सूर्यकिरण व 02 नग नाग कुंडल भेंट किये । जिसका कुल वजन लगभग 2998.200 है। जिसे श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा प्राप्त उपप्रशासक श्री एस.एन. सोनी द्वारा दानदाता का सम्मान किया व विधिवत रसीद प्रदान की गईं। यह जानकारी कोठार शाखा के श्री मनीष पांचाल द्वारा प्रदान की गई।



# नगर पालिका ने 14 अवैध निर्माणकर्ताओं को नोटिस किये जारी

रणजीत टाइम्स

खरगोन । शहर में लगातार बढ़ते अवैध निर्माण और अतिक्रमण के पर नगर पालिका खरगोन ने सख्ती से कार्रवाही की है। अवैध निर्माण को संरक्षण संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों और प्राप्त शिकायतों के आधार पर नगर पालिका ने बिना अनुमति किए गए निर्माण, अनुमति के विपरीत किये गए निर्माण कार्य तथा अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी किए हैं। यह कार्यवाही नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 एवं 223 के तहत की गई है। नगर पालिका सीएमओ सुश्री कमला कोल ने 14 अतिक्रमणकर्ताआसें को तीन दिन की मियाद देते हुए चेतावनी दी है कि निर्धारित समय-सीमा के बाद नियम अनुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। अवैध निर्माण अतिक्रमणकर्ताओं में जवाहर नगर के श्री विशाल पिता किशोरीलाल महाजन, मांगरूल रोड हाकिमी कॉलोनी की श्रीमती फरीदा बी पति शब्बीर बोहरा व श्रीमती बतुल पति मुर्तजा बोहरा, वार्ड 14 बिस्टान रोड के श्री जहीरूद्दीन पिता अजीजुद्दीन, मांगरूल रोड हकिमी टाउनशिप की श्रीमती नजमा पति सुजाउद्दीन बोहरा, गंगा नगर सनावद रोड के श्री अंकित पिता सुदामा मिश्रा, वार्ड 8 शिवराम नगर के पास सनावद रोड के श्री कृष्णलाल पिता बाबूलाल, सराफा बाजार वार्ड 13 की श्रीमती मनोरमा मोहनलाल महाजन, मांगरूल रोड राज टाउनशिप की श्रीमती फातेमा पति मुस्तफा गौहर, वार्ड 03 गोकुल नगर बी.टी.आई. रोड के श्री रमेशचंद्र, सुरेशचंद्र और द्वारकादास पिता गोकुलदास महाजन, बावड़ी बस स्टैंड गोकुल कॉलोनी के श्री शब्बीर हुसैन पिता एहसान अली, वार्ड 31 बिस्टान मेन रोड की श्रीमती अनिता पति सुरेश चंदेल एवं अनिता पिता दिगम्बर, ज्योति नगर शिव मंदिर के पास की श्रीमती लता पति गिरीश कुमावत, परसाई कॉलोनी (ताप्ती विहार) भूखंड 80 के श्री छोटेलाल पिता माधव यादव तथा वार्ड 03 डायवर्शन रोड हिन्दुस्तान ट्रेडर्स के पास की श्रीमती मुनिरा पिता बदरूद्दीन शामिल हैं।

## प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा व शशांक तिवारी 4 सितंबर को सरदारपुर में देंगे भजनो की प्रस्तुति

रणजीत टाइम्स



सरदारपुर। सरदारपुर में श्री गणेश उत्सव आयोजन में देश प्रेमी मित्र मंडल सरदारपुर द्वारा खेल परिसर मैदान 4 सितंबर रात्रि 8 बजे भक्तों को भजन संध्या में सांवरिया सेठ के भजनों कि देंगे प्रस्तुति सरदारपुर में खेल परिसर मैदान में 4 सितंबर गुरुवार रात 8 बजे भजन संध्या में राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा पहली बार सरदारपुर क्षेत्र मे अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे! गोकुल शर्मा के साथ हिंदू बब्बर शेर आदिवासी गायक शशांक तिवारी कुंदनपुर भी रहेंगे ! कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवाओं की टीम तैयारी में जुटी है। भजन संध्या को लेकर पिछले कई दिनों से नगर मे प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आयोजन समिति के सभी युवाओं ने भजन संध्या में अधिक से अधिक भक्तों को आने के लिए अपील की, पूरे कार्यक्रम की जानकारी विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में हुआ वृक्षारोपण

रणजीत टाइम्स





खरगोन । प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस खरगोन में 19 अगस्त पर्यावरण संरक्षण तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और सम्मान बढ़ाने के उद्देश्य वृक्षारोपण किया गया। इस पहल से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करना और परिसर को हरियाली से समृद्ध बनाना रहा। पौधारोपण के माध्यम से संदेश दिया गया कि हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करे। इस दौरान सभी उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी, ताकि आने वाले समय में ये वृक्ष परिसर की शोभा बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में विकसित हो सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापू सिंह परिहार, श्रीमती कृष्णा कुमावत, प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान, धीरज सिंह चौहान, सुनीता गांगले, अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ. शंभूसिंह मनहर, मालती चंदेल, जन भागीदारी सदस्य श्रीमती माया खोडे, आशा मोरे, संजय चंदात्रे, स्वाती, अंकित जायसवाल, प्रो. एसआर डावर, प्रो सावित्री भगोरे एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 52 आवेदकों की सुनी समस्याएं

रणजीत टाइम्स

खरगोन । प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 19 अगस्त को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 52 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। जनसुनवाई में कान्हा पिता कालिदास यादव ने क्रांतिसूर्या टंट्या भील विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं मिलने पर जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर समस्या बताई। छात्र कान्हा का कहना है कि आय प्रमाण पत्र संलग्न न होने के कारण उसे विश्वविद्यालय द्वारा सामान्य वर्ग में सम्मिलित कर दिया गया। जिसके कारण विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रवेश सूची में उसका नाम नहीं आया। छात्र कान्हा ने इस समस्या का उचित समाधान करने और प्रवेश दिलाने की मांग की है।

खरगोन जिले की कसरावद तहसील अंतर्गत ग्राम पीपलगोन निवासी सरोज पति स्व. जगदीश जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत लेकर आयी थी। सरोज बाई का कहना है कि पंचायत द्वारा फोटो खींचकर उनका नाम सूची में जोड़ लिया गया था, इसके बावजूद आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। सरोज बाई अपने दो बच्चों के साथ कच्चे मकान में रह रही हैं, जहां बरसात के दिनों में पानी टपकने से रहना और भी मुश्किल हो जाता है। उनका कहना है कि पति का देहांत हो चुका है और वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। सरोज बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। जनसुनवाई में कसरावद तहसील की अमलाथा निवासी 67 वर्षीय नीलाबाई पति नत्थूसिंह वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत लेकर आयी थी। नीलाबाई का कहना है कि उनकी उम्र अधिक हो चुकी है और पति भी बीमार रहते हैं। आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण वे मजदूरी करने में सक्षम नहीं हैं। उनका कहना है कि शासन की ओर से मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन अब तक उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। नीलाबाई ने कहा कि शीघ्र वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिलाया जाए। सेगांव तहसील के ग्राम जोजलवाड़ी निवासी सचिन पिता लालसिंह जमरे ने जनसुनवाई में आवेदन देकर अभ्युदय यूनिवर्सिटी से टी.सी. और माइग्रेशन प्रमाणपत्र दिलाने की मांग की। सचिन का कहना है कि उसने बी.एससी. एग्रीकल्चर में प्रथम वर्ष में स्कॉलरशिप के आधार पर प्रवेश लिया था, लेकिन तबीयत खराब होने और परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण आगे परीक्षा नहीं दे पाया। अब विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा टी.सी. एवं माइग्रेशन प्रमाणपत्र नहीं दिया जा रहा है और कहा जा रहा है कि जब तक स्कॉलरशिप की राशि कॉलेज को प्राप्त नहीं होगी, तब तक दस्तावेज नहीं दिए जाएंगे। सचिन ने आगे की पढ़ाई के लिए युनिवर्सीटी से शीघ्र टी.सी. एवं माइग्रेशन दिलाने की मांग की है।

# मक्सी में 50 बिस्तरीय अस्पताल के लिए स्थल निरीक्षण

रणजीत टाइम्स

मक्सी/सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए शाजापुर जिले के मक्सी में स्वीकृत 50 बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण के लिए आज कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने स्थानीय विधायक श्री अरुण भीमावद के साथ संभावित स्थलों का निरीक्षण किया।इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले, सीएमएचओ डॉ. कमला आर्य, डीएचओ डॉ. अजय साल्विया, कार्यपालन यंत्री श्री हर्षवर्द्धन मुवेल एवं सीएमओ श्री अशफाक खान सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।





## 15 वर्षों के बाद मिली विधि महाविद्यालय को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अनुमति



**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । शासकीय विधि महाविद्यालय खरगोन में वर्षों से बंद एल एल.एम. पाठ्यक्रम संचालन हेतु पुनः क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन से संबंद्धता मिली। प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मण्डलोई ने बताया की मनोनीत जनभागीदारी अध्यक्ष बी. एस. कनेस अनुविभागीय अधिकारी खरगोन की अध्यक्षता में जनभागीदारी बैठक दिनांक 31.05.2025 को संवित्तीय आधार पर एल एल.एम. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति जनभागीदारी समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रदान की गई। जिसके बाद विश्वविद्यालय संबंद्धता की प्रक्रिया के अन्तर्गत निरीक्षण उपरांत क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन के द्वारा एल एल. एम. पाठ्यक्रम की सहशर्त संबंद्धता जारी की गई है। प्रो. चन्द्र भान त्रिवेदी द्वारा बताया गया कि विधि महाविद्यालय द्वारा गत तीन वर्षों में स्नातक उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों में हर्ष का माहोल है ताकि स्नातकोत्तर हेतु विद्यार्थियों को अपने ही शहर में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा । विशेषकर आदिवासी एवं जनजातीय छात्र छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। एल एल. एम. पाठ्यक्रम प्रारंभ होने पर खरगोन के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस खबर हर्ष व्यक्त किया गया। प्राचार्य डॉ. मण्डलोई द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश हेतु एक और अतिरिक्त चरण प्रारंभ करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। साथ ही प्राचार्य द्वारा यह आशा व्यक्त की गई है कि आदिवासी बहुल्य क्षेत्र में शीघ्र ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के हित में एल एल. एम. पाठ्यक्रम में रजिस्ट्रेशन हेतु अतिरिक्त चरण प्रारंभ किया जायेगा जिसका लाभ क्षेत्र के विद्यार्थियों को होगा।

## शासकीय महाविद्यालय मक्सी मे वसुधैव कुटुंबकम आधारित व्याख्यान माला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**रणजीत टाइम्स**

मक्सी/श्री कुशाभाऊ ठाकरे स्मृति शासकीय महाविद्यालय मक्सी में दिनांक19 अगस्त को वसुधैव कुटुंबकम अवधारणा पर केंद्रित पोस्टर प्रतियोगिता एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तहत आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील वागले द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया । डॉ अपर्णा जैन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन मे कहा कि वसुदेव कुटुंबकम न सिर्फ भारतीय संस्कृति और दर्शन में महत्वपूर्ण अवधारणा के रूप में है बल्कि वह एक वैश्विक दृष्टिकोण है जो सभी मनुष्यों को एक परिवार के रूप में देखता है।यह एकता ,सहयोग के मूल्योंऔर इस विचार को बढ़ावा देती है कि हमें सभी के साथ चाहे उनकी राष्ट्रीयता,जाति या धर्म कुछ भी हो दया और सहानुभूति का व्यवहार करना चाहिए। अगले वक्ता के रूप में प्रो लाखन सिंह कुशवाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह सिद्धांत प्राचीन भारतीय दर्शन का अभिन्न हिस्सा है। इसने भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को प्रभावित किया है और आज की समकालीन दुनिया के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत हमें प्रकृति और पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदारी का एहसास कराता है। धरती के सभी जीवो के प्रति सहिष्णुता का भाव रखना चाहिये ।व्याख्यान माला के अतिरिक्त विश्व शांति एवं सौहार्दविषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा विश्व शांति के संदेश देने वाले पोस्टरों को विभिन्न रंगों के माध्यम से उकेरा गया। इसमें प्रथम स्थान सृष्टि पिता भारत सिंह परमार ने, द्वितीय स्थान अर्जुन पिता राजेश ने व सांत्वना स्थान सूरज ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट आदि देकर पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परम्परा प्रभारी डॉ अपर्णा जैन ने किया । आभार डॉ विनीता परमार ने माना।इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ में डॉ सौदान सिंह मकवाना, हेमंत डबरिया ,चिराग नाथ योगी ,राहुल कुमरावत जगदीश देवड़ा उपस्थित थे।

## “03 मोटर सायकल चोरी करने वाला तथा मोटर सायकल चोरी कर भागते समय एक्सीडेंट करने वाला आरोपी राजगढ पुलिस की गिरफ्त में

**रणजीत टाइम्स**



राजगढ़ । दिनांक 18.08.2025 को फरियादी कमलेश पिता मांगीलाल कुमावत निवासी भानगढ की मोटर सायकल को अज्ञात बदमाश मैन चौपाटी राजगढ से चोरी कर ले गया । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना राजगढ पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी को पकडने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह जिला धार, अति. पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर श्री विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन में राजगढ थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान के नेतृत्व में एक टीम घटित की गयी । टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी की मैन चौपाटी राजगढ से मोटर सायकल चोरी करने वाला बदमाश गलिया उर्फ भुरालाल पिता रमेश मुनिया निवासी भेरूचोकी थाना सरदारपुर का हैं जिसे फरियादी कमलेश कुमावत ने पकड लिया हैं व बदमाश को पकडकर थाने ला रहे हैं। फरियादी कमलेश कुमावत के पेश करने आरोपी गलिया उर्फ भुरालाल मुनिया को गिरफ्तार कर आरोपी से फरियादी की मोटर सायकल किमती 60000/- रूपये की जप्त की गयी हैं । आरोपी से पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा थाना राजगढ के दो अन्य अपराधों में पूर्व में भी दो मोटर सायकल चोरी करना बताया, जिस पर आरोपी से पूर्व में चोरी गयी मोटर सायकल प्लेटिना किमती 50000/- रूपये, मोटर सायकल एचएफ डिलक्स किमती 60000/- रूपये की आरोपी से जप्त की गयी हैं ।

आरोपी ने पूर्व में दिनांक 15.01.2025 को मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक MP.11ML.6930 को चोरी कर भागा था तथा आरोपी ने भागते समय फरियादी रोहित पिता धन्नालाल सोलंकी निवासी दलपुरा को टक्कर मार दी थी जिस पर रोहित सोलंकी की रिपोर्ट पर थाने पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था, जिस प्रकरण में भी आरोपी फरार था । आरोपी से 03 मोटर सायकल किमती 170000/- रूपये की जप्त की गयी हैं तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा हैं । उक्त घटनाओं के आरोपी को पकडने में उनि निहालसिंह दंडोतिया, उनि जुली अमलियार, सउनि सुनील राजपूत, प्रआर विपिन कटारा, आरक्षक दिलीप, आरक्षक जयेन्द्र, आरक्षक अमित बामनिया की सराहनीय भूमिका रही है । श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री मनोज कुमार सिंह ने उचित ईनाम की घोषणा की है।

## हिंदू वाहिनी संघ की मध्य प्रदेश प्रभारी महिला प्रकोष्ठ कृष्णा कुमरावत का जन्मदिन सादगी से मनाया



**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । हिंदू वाहिनी संघ की मध्य प्रदेश प्रभारी महिला प्रकोष्ठ आदरणीय कृष्णा दीदी कुमरावत का जन्मदिन हिंदू वाहिनी संघ प्रदेश सचिव मायाजी घोड़े और खरगोन जिला अध्यक्ष आशा जी मोरे ने बहुत है शालीनता के साथ उनके जन्मदिन को खास किया सबसे पहले उनके वहां महान संत महान संत बोदरू बाबा जी की समाधि के दर्शन करवा वहीं पर खरगोन जिला अध्यक्ष आदरणीय नंदा जीजी से भी सौजन्य भेंट हुई फिर भोलेनाथ के मंदिर में कान्हा जी के बड़ागांव के हिंदू वाहिनी के नवीन पदाधिकारी बहनों ने भजनों के प्रस्तुति दी उसके बाद खरगोन घंटे अभी यूनिवर्सिटी पीजी कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम से और वृक्षारोपण करवाया जिसमें खरगोन के गण मन ने नागरिकों ने भाग लिया जिनका विस्तार जानकारी इस प्रकार है और आदरणीय खरगोन विधायक दादाजी बालकृष्ण जी पाटीदार जी से डिज्नी भेट की।

## राजेंद्र भवन में 20 अगस्त से पयुर्षण पर्व होगा प्रारंभ

**27 अगस्त को संवत्सरी महापर्व मनाया जायेगा**

**रणजीत टाइम्स**

राजगढ़ । राजेंद्र भवन राजगढ़ में परम पूज्य गच्छाधिपती हितेशचंद सुरिश्वरजी महाराज साहब के आज्ञानुवर्ती मुनी पुष्पेंद्रविजयजी म. सा.,मुनी रूपेंद्रविजयजी म. सा. एवं मुनि जीतचंद्रविजयजी म. सा. की पावन निश्रा में चल रहे ज्ञानांजन चातुर्मास के अंतर्गत दिनांक 20 अगस्त बुधवार से आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व प्रारंभ हो रहे हैं जिसमें 24 अगस्त को भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन होगा एवं 27 अगस्त को संवत्सरी महापर्व मनाया जाएगा । पर्यूषण पर्व में आठो दिन रोजाना भक्तांबर का पाठ ,प्रवचन ,प्रतिकमण के अलावा ने अनेक धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन होगा ।राजेंद्र भवन में पर्वाधिराज पर्युषण पर्व 20 अगस्त बुधवार से जप, तप, त्याग से मनाया जाएगा। अनेक श्रावक श्राविका इस दौरान तप के साथ पौषध भी लेंगे ।

## कोरोना संक्रमण काल के बाद आज निकली खेतिया से शिरडी पैदल यात्रा



**रणजीत टाइम्स**

खेतिया । श्री साई बाबा मंदिर समिति खेतिया के तत्वावधान में खेतिया से शिरडी की पैदल यात्रा लगातार आयोजित की जाती रही पिछले कुछ वर्षों में कोरोना संक्रमण के बाद यात्रा स्थगित रही, इस वर्ष साई मंदिर परिसर से यात्रा प्रारंभ होकर शिर्डी के लिए आज मंडी समिति परिसर स्थित श्री साई मंदिर में विशेष पूजा आरती कर यात्रा निकली है, निरन्तर13 वर्षो की यात्रा के बाद कुछ वर्ष यात्रा स्थगित रही जो इस वर्ष से पुनः प्रारम्भ की गई।,,पैदल यात्रियों में अत्यधिक उत्साह है वही श्रद्धालुओं ने उनके साथ पैदल चलते हुए उन्हें यात्रा पर बिदा किया।यात्रा खेतिया से आज महारास्ट्र सीमा में प्रवेश कर आगे निकल गयी बेरियर चौराहे पर व्यापारियों, नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते बिदा किया। साँईभक्त दिलीप आरंभी ने बताया कि 13 वर्षों तक निरन्तर रही यात्रा कोरोना संक्रमण काल मे स्थगित की थी जो अब पुनः प्रारम्भ हुई है,लगभग 8 दिन में हम शिर्डी पहुंचेंगे,साई को लेकर कुछ भ्रांतियां जरूर है पर साई की ही कृपा है हम जा रहे साँईभक्त रामचंद्र माली ने कहा कि साई की कृपा है जो इस वर्ष यात्रा हो रही हम अपनी श्रद्धा से सबके साथ पैदल जा रहे है।

## पयुषण पर्व पर शांतिनाथ जिनालय में प्रतिदिन धार्मिक आयोजन 25 अगस्त को भगवान जन्मोत्सव एवं वार्षिक बोलियों का होगा भव्य आयोजन

**रणजीत टाइम्स**

नागदा । जैन धर्म का परम पावन पर्व पर्युषण महापर्व समाज में धार्मिक जागरण और आत्मशुद्धि का संदेश लेकर आता है। इसी कड़ी में श्री शांतिनाथ जिनालय, जैन कॉलोनी, नागदा में पर्व 20 अगस्त को आरंभ से ही प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों एवं भक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला 27 अगस्त तक जारी रहेगी। प्रति दिन प्रातः 7 बजे से पक्षाल, बोलियाँ, स्नात्र पूजन, केसर पूजन एवं आरती का आयोजन रहेगा। वहीं रात्रि 8:30 बजे भक्ति संगीत व अंगरचना के कार्यक्रम श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में डुबे रहेगे । प्रतिदिन की रात्रि आरती में विशेष लक्की ड्रॉ का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे समाजजनों का उत्साह और भी बढ़ रहा है। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण रहेगा 25 अगस्त, सोमवार, जब जिनालय में भगवान जन्मोत्सव एवं वार्षिक बोलियों का भव्य आयोजन प्रातः 9 बजे से आरंभ होगा। जन्मोत्सव अवसर पर विशेष अंगरचना का आनंद समाजजन लेंगे, जिसमें भक्ति श्री महावीर जैन संगीत मंडल एवं मधुकर ग्रुप अपनी प्रस्तुति देंगे और वातावरण को भक्तिभाव से सराबोर करेंगे। आयोजन की महत्ता और भी बढ़ जाती है क्योंकि यह भव्य अवसर युगप्रभावक पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वरजी महाराजा के शिष्यरत्न शतावधानी मुनिराजश्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी म.सा. एवं मुनिराजश्री पवित्ररत्न विजयजी म.सा. की पावन नयनानंदी निश्रा में



सम्पन्न होगा। साधु भगवंतों की सन्निधि में आयोजित यह जन्मोत्सव समाज के लिए पुण्य संचित करने का दुर्लभ अवसर है। श्रीसंघ एवं श्री राजेन्द्रसूरि जैन ज्ञान मंदिर ट्रस्टीगण ने नगर के समस्त श्रावक श्राविकाओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है। जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष ब्रजेश बोहरा ने बताया कि राष्ट्रसंत पुण्यसम्राट गुरुदेव द्वारा प्रतिष्ठित श्री शांतिनाथ जिनालय में 25 वर्षों बाद पहली बार गुरुदेव के शिष्य द्वय मुनिश्री की पावन निश्रा में भगवान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पयुषण पर्व में अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् परिवार का भी विशेष सहयोग रहता है।

## एसपी डावर ने किया आईसीजेएस क्रियान्वयन एवं डिजिटल एकीकरण पर कार्यशाला का आयोजन

### जिला बड़वानी पुलिस का पायलट प्रोजेक्ट – ऑनलाइन सिस्टम की व्यवस्थाओं की समीक्षा






**रणजीत टाइम्स**

बड़वानी। पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर (भा.पु.से.) ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागृह में आईसीजेएस क्रियान्वयन और डिजिटल एकीकरण विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया।इस अवसर पर उन्होंने जिले में चल रहे पायलट प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि "डिजिटल तकनीक के माध्यम से पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता और जनता को त्वरित सेवा देना हमारा उद्देश्य है,बड़वानी पुलिस द्वारा ई-एफआईआर, ई-समन्स, ई-विवेचना, ऑनलाइन चालान, मेडलेपार पोर्टल पर एमएलसी व पीएम रिपोर्ट सहित विभिन्न पुलिस कार्य अब आईसीजेएस (इन्तर्गरेटड क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) के माध्यम से ऑनलाइन किए जा रहे हैं। ई-साक्ष्य ऐप के जरिए आपराधिक रिकॉर्ड की पहचान और केस की विवेचना में महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है।समीक्षा के दौरान नेटवर्क समस्या और संसाधनों की कमी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस पर एसपी डावर ने आश्वासन दिया कि— "इन बाधाओं को शीघ्र दूर कर इस प्रोजेक्ट की सफलता सुनिश्चित की जाएगी।" एसपी डावर ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि तकनीक आधारित इस नई प्रणाली को गंभीरता से अपनाएँ।

कार्य में पारदर्शिता और दक्षता बनाए रखें।जिससे आमजन को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध हो सके बैठक में अधीक्षक केंद्रीय जेल बड़वानी सुश्री शेफाली तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर, जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारीगण, सीएस अनिता सिंघारे, चिकित्सकगण, अभियोजन शाखा, कोर्ट कर्मचारी, कोर्ट मोहर्रिर, सीसीटीएनएस पर काम करने वाले कर्मचारी एवं अन्य कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

# नागदा नगर में प्रथम बार श्रावकों का हुआ केशलोच



**रणजीत टाइम्स**

नागदा । नगर के धार्मिक एवं सामाजिक इतिहास में रविवार का दिन स्वर्णाक्षरों में अंकित होने योग्य बन गया, जब परमरस चातुर्मास हेतु बिराजमान परम पूज्य पुण्य सम्राट राष्ट्रसंत गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरीश्वरजी महाराजा के शिष्यरत्न शतावधानी मुनिराजश्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी महाराजा साहेब मुनिराजश्री पवित्ररत्न विजयजी महाराजा साहेब की पावन निश्रा में प्रथम बार श्रावकों का केशलोच संपन्न हुआ। यह अवसर सम्पूर्ण श्रीसंघ एवं नगरवासियों के लिए अविस्मरणीय एवं अलौकिक बन गया। मुनिराजश्री पवित्ररत्न विजयजी महाराजा साहेब ने अपने करकमलों से यह पुण्य एवं दुर्लभ अनुष्ठान संपन्न कराया। केशलोच जैन धर्म में अत्यंत पवित्र एवं कठिन तप की साधना का प्रतीक है, जो सामान्यतः मुनिराजों द्वारा ही किया जाता है। किंतु विशेष अवसर पर श्रावकों को भी इस तप का अवसर मिलता है। नागदा नगर के लिए यह पहला ऐसा ऐतिहासिक क्षण रहा, जब श्रावकों ने अपने केश त्यागकर वैराग्य और तप की ओर अद्वितीय कदम बढ़ाया।

इस अवसर पर नगर के चार श्रावकों ने धर्मलाभ प्राप्त किया। इनमें दिलीप जी ओरा, मनोज जी ओरा, मुकेश जी बोहरा एवं मनोज वागरेचा शामिल रहे। इन सभी श्रावकों ने गुरुवाणी से प्रभावित होकर अपने जीवन को धर्ममय बनाने हेतु यह संकल्प लिया और केशलोच की प्रक्रिया संपन्न करवाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरुभक्त, साधर्मी एवं संघ के सदस्य उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण में आध्यात्मिकता और भक्ति का विशेष संचार रहा। उपस्थित जनों ने भावविभोर होकर "धम्मो मंगल मुक्किठ" और "नवकार महामंत्र" का उच्चारण करते हुए श्रावकों की अनुमोदना की। नगर में प्रथम बार हुए इस आयोजन से समाज में गहन उत्साह, उल्लास और गर्व की अनुभूति हुई। गुरुभक्तों ने इस अवसर को "अहो... अहो... आश्चर्यम्!" कहकर वंदनीय और अभूतपूर्व बताया। उनका कहना था कि नागदा नगर को इस प्रकार का अलभ्य अवसर मिलना, नगर के लिए सौभाग्य का द्योतक है। इस आयोजन की अनुमोदना श्री श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन श्रीसंघ एवं जयन्तराज चातुर्मास समिति 2025 – नागदा जंक्शन द्वारा की गई। समिति ने सभी श्रावकों को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे त्याग और वैराग्य से ही धर्म की महिमा बढ़ती है और समाज में नई प्रेरणा का संचार होता है।

नगर में पहली बार हुए इस केशलोच ने जहां उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर किया, वहीं समाज के युवा वर्ग में भी धार्मिकता और तप के प्रति नई चेतना का संचार हुआ।अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा ने बताया की कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित संघ और साधर्मियों ने सभी श्रावकों का अभिनंदन कर उनकी अनुमोदना की और इसे नगर के लिए ऐतिहासिक दिन बताया।

# अग्रसैन सोशल ग्रुप द्वारा 5 सितंबर को अग्रवाल समाज के मेघावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह

**रणजीत टाइम्स**



इंदौर। अग्रसैन सोशल ग्रुप द्वारा 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर अग्रवाल समाज के कक्षा पहली से कालेज तक के 100 से अधिक मेघावी छात्र छात्राओं का रजत पदक से सम्मानित किया जायेगा। अग्रसैन सोशल ग्रुप द्वारा 5 सितंबर को अग्रवाल समाज के मेघावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचन्द गोयल कार्यक्रम के प्रेरणा स्त्रोत है।

ग्रुप समन्वयक राजेश गर्ग संचालक शिव जिन्दल अध्यक्ष एस आर गुप्ता सचिव राजेन्द्र गुप्ता ने बताया की यह ग्रुप का 28 वा प्रतिभा सम्मान आयोजन है एवं अभी तक गोयल परमार्थिक ट्रस्ट के सहयोग से अभी तक 3000 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम में विद्वान अतिथियो द्वारा विद्यार्थियों को उनके केरियर सम्बंधित उचित मार्गदर्शन भी दिया जावेगा। शिक्षक दिवस के अवसर पर विशिष्ठ सेवाओ के लिये 5 शिक्षकों को भी कार्यक्रम में शाल श्रीफल एव्म स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जावेगा। कार्यक्रम प्रभारी शशि गर्ग , प्राची गर्ग गोविन्द सिंघल ,श्याम अग्रवाल ,ने बताया की पहली से पांचवी में 95 छठी से दसवीं 90 ग्यारवी से कॉलेज में 80 परसेंट या अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी 27 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। हर कक्षा से 8 टॉपर विद्यार्थियों को चयनित कर सम्मानित किया जावेगा। हर कक्षा के सबसे अधिक अंक लाने वाले को अलग से गोल्डन अग्रसेन अवार्ड प्रदान किया जावेगा। आवेदन फॉर्म ग्रुप कार्यालय 85 हुकुमचंद मार्ग रंग महल पर शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध है। खेल आदि के क्षेत्र में विशिष्ठ उपलब्धियों के लिये भी चयनित उम्मीदवारों को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया जावेगा। कार्यक्रम सम्बन्धी किसी भी जानकारी के लिए शशि गर्ग से 9303230264 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# जीवदया के नाम पे समाज को जोड़ने का काम करे , तोड़ने का नहीं : हार्दिक हुंडिया

## हर धर्म में जीवदया शिखाने वाला मेरा भारत देश है

**रणजीत टाइम्स**

मुंबई । कनिष्क अंगुली पे गोवर्धन पर्वत ज़िलकर हजारों की जान बचाने वाले भगवान श्री कृष्ण का ये देश । पिता के वचन के खातिर १४ शाल वनवास जाने वाले भगवान श्री राम का ये देश । चंडकौशिक नाम के सर्प ने पैर में डंख दिया , जहाँ खून की धारा बहनी थी वहाँ दूधकी धारा बही ऐसे करुणा के सागर भगवान महावीर का ये देश । राम की चिड़िया राम का खेत ख़ालो चिड़िया भर भर पेट ऐसे अबोल जीवो के प्रति अनमोल भाव रखने वाले भगवान गुरु नानक का ये देश । बिंच्छी का स्वभाव है डंख मारना , लेकिन मनुष्य का स्वभाव है उनको बचाना ये सन्देश देने वाले भगवान पयगंबर का ये देश । सिर पे काँटाला ताज पहनाया , हाथ पैर में खिले ठोकने वाले के लिए भगवान को कहा की हे प्रभु इन्हें माफ़ करो ये बात दुनिया को समझाने वाले भगवान इशू का ये देश , श्मशान जाते हुये देखकर दुनिया को कहा की कुछ भी साथ आने वाला नहीं ये अनमोल शिख देने वाले भगवान बुद्ध का ये देश । अनेक महापुरुषों और संतों की भूमि यानी हम सभी का भारत देश है हार्दिक हुंडीया ने कहा मैं हिंदू हूँ , जैन हूँ , मुसलमान हूँ , सिख हूँ , इशाई हूँ । जरूर हूँ लेकिन मैं मेरे धर्म स्थान तक । लेकिन जब हम सभी धर्म के लोग जब एक जगह इकट्ठे होते है तब हम सब भारतीय है । यदि हम सब एक है तो हमारी संस्कृति भी मजबूत होगी तो हम सब मजबूत होगे तो देशमें धर्म के नाम जो लड़ाई हो रही है वो नहीं होगी

मुंबई में कबूतरों के नाम मराठी विरुद्ध जैन का मामला किस ने छेड़ दिया ? हार्दिक हुंडीया ने कहा की जीवदया के नाम पे देश एक है , सभी धर्मो में जीव दया है और शिखाई भी जाती है ।अबोल पशुओ के नाम भाई भाई के बीच लड़ाने वाले को भारतीय संस्कृति के , जीवदया के पाठ सीखने चाहिये हार्दिक हुंडिया ने कहा भारत संतों और महंतों की भूमि है , यहाँ हर संत धर्म में जीवदया का पाठ शिखाते है । राष्ट्र के कौने कौने से लोग महाराष्ट्र में कमाने आते है , माज़ा महाराष्ट्र में आने के बाद हमे हमारे मराठी भाईओ का साथ मिला तभी हम सभी ने विकाश किया । जितने हम लोग महाराष्ट्र में सुखी है इतने ही महाराष्ट्रीयन भाई देश के हर राज्य में सुखी है । हम सब खुश इस लिए है की भारत मेरा देश है जीवदया के नाम गंदी राजनीति ना करे, हमे देश को जोड़ने के काम करने चाहिये । किसी जीव को बचाने की अनमोल भावना रखने वाला इन्शान सभी का भला चाहता है क्युकी वो भारतीय है । आज देश में हिंदुत्व को मानने वाली सरकार है फिर भी गौ माता , कुत्ते और कबूतरों पे मौत की तलवार ? गौ माता को राज्य माता तो घोषित कर दिया लेकिन बाद में क्या ? हार्दिक हुंडिया की देश के तमाम जीवदया प्रेमीओ से बिनती है की आप अबोल या बोलते दोनों जीवो को सुखी देखना चाहते हो तो देश की राज नीति में आओ । आज देश में गौ माता , कुत्ते या कबूतर , कल कोई और जीव शिकार ना बने इस लिये चुनाव में खड़े रहो , विजयी भव और देश के सुशासन में बहुत अच्छे कार्य करे ये ही शुभ भावनाओ के साथ

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायकों की अनंतिम चयन सूची जारी

जगदीश पाल

शिवपुरी /करेरा- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की भर्ती की प्रक्रिया के तहत कुल 33 अभ्यर्थियों की अनंतिम चयन सूची जारी की गई। यह सूची महिला बाल विकास द्वारा एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद बनाई गई।



चयन प्रक्रिया खंड स्तरीय समिति द्वारा की गई जिसकी अध्यक्षता एसडीम करेरा ने की ।जिसमें चयनित 10 कार्यकर्ता अभ्यर्थी रागिनी पाल (डुमघना 1), सपना कुमारी (ढंगा काली पहाड़ी) , हिमांशी चतुर्वेदी (डामरोन कला 1) , रीना आदिवासी (राजगढ़ प्रथम), कल्याणी जैन (आमोल पठा प्रथम), रागिनी पाल (डुमघना आदिवासी बस्ती), सुनीता पाल (सिल्लारपुर 2), किरण कुशवाहा (डांडा), साक्षी यादव (आदिवासी बस्ती अलगी) , आरती खांडे (अमोला-ई-२-1)।एवं 23 सहायिका ,ममता जाटव (बडौरा 1), नीतू जाटव (जुझाई गांधीनगर द्वितीय), लक्ष्मी जाटव (वार्ड क्रमांक 15 द्वितीय), रचना कुशवाहा (गणेश खेड़ा), रोशनी जाटव (मुंगावली 1) , बंदना जाटव(सिरसौद 2), नीरज जाटव (वघरा बाजार), मनीषा जाटव (बम्हारी 2), रूबी जाटव (थनरा प्रथम), चंदा जाटव (जयरावन कुंडलपुर), रूबी लोधी (जयनगर प्रथम), मोनिका लोधी (पारागढ प्रथम), गायत्री जाटव (मिनी रामनगर आदिवासी मोहल्ला कारोठा), रोशनी जाटव (मिनी मुंगावली), गायत्री लोधी (बगरोदा कुमरौआ मिनी), स्वार्ती पाल (मिनी शंकरगढ़ आमोल पठा) , रवीना कुशवाहा (मार सहरयाना पठा), वैशाली यादव (मिनी दबरा दिनारा राजगढ़ चक्र) , अंजली कुशवाहा( आमोल पठा bartyan की टपरिया), आरती पारस (कुड मिनी) , काजल जाटव (जुझाई पहाड़पुर), पूजा कुशवाहा (डांडा), शिवानी बंशकार (आदिवासी बस्ती अलगी), राजनंदनी आदिवासी (नारही 1) शामिल है।

# शपथपत्र क्या क्यों आवश्यक

किसपर पड़ेगा ज्यादा स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाने का भार।।। शपथपत्र एक ऐसा दस्तावेज जो ग्यारंटी देता है कि मैं या हम जो कह रहे हैं,,दे रहे हैं,,वो सही है तथ्यात्मक है प्रमाणित है। इस शपथपत्र को नोटरी पब्लिक महोदय सत्यापित करते हैं। आज इसपर क्यों बात चीत,, कारण लगातार स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाई जा रही और मनमाने ढंग से नियम कायदे कानून विरूद्ध कुछेक विभागों में स्थानों पर ज्यादा स्टाम्प पर लिया जाता है कुछेक नोटरी पब्लिक महोदय देते हैं।

2016में 20रुपये से बढ़ाकर 50रुपये का स्टाम्प पर किया गया,,अब सीधे-सीधे 200रुपये सीधे-सीधे इतनी वृध्दि,, तो केवल 200स्टाम्प ही तो नहीं जनाब 100रुपये से ऊपर का स्टाम्प नहीं होता 50रुपये वाला छप नहीं रहा,, तो ज्यादा किमत लगेगी फिर इसपर टाइपिंग 50रुपये फिर टिकट 50रुपये फिर नोटरी पब्लिक महोदय फीस 100== कम ले तो उनकी दया कितना हुआ 450रुपये से कम नहीं पड़ेगा। शपथपत्र आय प्रमाणपत्र,जाति प्रमाण पत्र, जन्मप्रमाण, मृत्यु प्रमाण पत्र, बिजली कनेक्शन, से लेकर आम काज खातिर,, शोषण नहीं तो क्या है यह मजदूर, नौकरी पेशा आदि की जेब पर भार,,, सवाल यह कि सरकार को इसी पेशे से विकास कार्य करना है। आम जनता की जेब पर भार फिर लोकहित की बात,,,, विकास खातिर जनता पर भार तो विधायकों की तनख्वाह क्यों बढ़ा रहे,,, अधिकारियों कर्मचारियों के वेतन भत्ते बढ़ा रहे ठीक,,, तो अन्य खर्च कम कर दो ईस्तेहार करोड़ों के रोज,, वाहनों पर सवार सरकार करोड़ों नाश्ता खान-पान करोड़ों,,, ऐशों आराम करोड़ों रुपए साहब का परिवार गाड़ी में सवार होकर घुमे फिरे, नेताओं का परिवार,,, जजों का भी,,, फिर घरों पर नौकर चाकर तनख्वाह सरकारी,,,। चाणक्य नीति कहती हैं भेड़ से ऊन भी मिले,,उसे पता ना चले,पिडा् होगी तो पता चलेगा शपथपत्र पर बढ़ा हुआ स्टाम्प ड्यूटी उसको पिडा देगी,,,। तिनका तिनका जुड़ता है घर तब चलता है,हर साल लाखों लोग की जेब पर भार पड़ेगा। वकील को क्या लेना देना,,, वकील जानता है कैसे कैसे आम आदमी पर भार पड़ेगा नोटरी पब्लिक महोदय जानते हैं कि क्या भार और सवाल जवाब,, तो आमजनों को उठना चाहिए,,, समाज को उठना चहिए। आवाज घर से उड़ाओ मोबाईल से उठाओ सोशल मीडिया से उठाओ,,,उठाओ जरुर।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना हैं

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स